**भारत सरकार**

सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय, भारत सरकार, कर्तव्य भवन-3, नई दिल्ली

महात्मा गांधी ग्रामीण औद्योगीकरण संस्थान (एमगिरी), वर्धा में निदेशक पद हेतु विज्ञापन

महात्मा गांधी ग्रामीण औद्योगीकरण संस्थान (एमगिरी), भारत सरकार के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय के प्रशासनिक नियंत्रण में कार्यरत एक राष्ट्रीय स्वायत्त संस्थान है जो महाराष्ट्र के वर्धा में स्थित है। एमगिरी का विजन सतत ग्राम अर्थव्यवस्था के गांधीवादी दृष्टिकोण का अनुसरण करते हुए देश में ग्रामीण औद्योगीकरण की प्रक्रिया को समर्थन देना, उसे उन्नत करना तथा तीव्र गति प्रदान करना है, ताकि रोजगार एवं मूलभूत सुविधाओं में आत्मनिर्भरता सुनिश्चित की जा सके तथा ग्रामीण उत्पादों और सेवाओं को वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनाने हेतु आवश्यक इनपुट उपलब्ध कराए जा सकें। मुख्य उद्देश्य पारंपरिक कारीगरों को सशक्त बनाना, पायलट अध्ययन/क्षेत्रीय परीक्षणों के माध्यम से उत्पादों एवं प्रक्रियाओं में नवाचार तथा रचनात्मकता को प्रोत्साहित करना, तथा स्थानीय संसाधनों का उपयोग करते हुए सतत ग्रामीण विकास हेतु वैकल्पिक प्रौद्योगिकी पर अनुसंधान एवं विकास (R&D) करना है।

महात्मा गांधी ग्रामीण औद्योगीकरण संस्थान (एमगिरी), वर्धा जो सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय के प्रशासनिक नियंत्रणाधीन एक राष्ट्रीय स्तर का संस्थान है, में निदेशक पद (वेतन मैट्रिक्स स्तर-14 (₹1,44,200–2,18,200) हेतु पात्र उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। पद का विवरण निम्नानुसार है:-

| | | |
|---|---|---|
| 1. | पद का नाम | निदेशक |
| 2. | पदों की संख्या | 1 (एक) |
| 3. | वेतनमान/भत्ते | वेतन मैट्रिक्स स्तर–14 (₹1,44,200–2,18,200)<br>• सेवा संबंधी मामलों में केंद्रीय सिविल सेवा (सीसीएस) नियम लागू होंगे।<br>• केंद्र सरकार के जीपीआरए (GPRA) नियमों के अनुसार आवास की सुविधा उपलब्ध होगी,<br>• कार्यालय वाहन/परिवहन भत्ता नियमों के अनुसार। |
| 4. | आवश्यक एवं न्यूनतम योग्यताएँ/अनुभव | **आवश्यक योग्यता: -**<br>विज्ञान, अभियांत्रिकी या प्रबंधन (विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी पृष्ठभूमि सहित) में पीएच.डी.: पूर्ववर्ती डिग्री में प्रथम श्रेणी या समकक्ष ग्रेड तथा सम्पूर्ण शैक्षणिक अवधि में अत्यंत उत्कृष्ट शैक्षणिक अभिलेख।<br>**अनुभव:-**<br>15 वर्ष का अनुभव उद्योग अथवा ग्रामीण प्रौद्योगिकी विकास के क्षेत्र में शिक्षण/अनुसंधान का होना चाहिए। जिसमें से कम से कम 5 वर्ष का अनुभव मुख्य वैज्ञानिक अधिकारी के स्तर पर |

| | | |
|---|---|---|
| | | होना चाहिए।<br>एक उत्कृष्ट अभियंता/प्रौद्योगिकीविद्/वैज्ञानिक, जो उद्योग अथवा गैर-सरकारी संगठन (एनजीओ)/अनुसंधान प्रयोगशाला में कार्यरत हो, जिसकी स्थापित प्रतिष्ठा हो तथा जिसने ग्रामीण औद्योगीकरण के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान दिया हो; किन्तु जिनके पास पीएच.डी. उपाधि या पूर्ववर्ती डिग्री में प्रथम श्रेणी नहीं है, उन्हें भी अपवादात्मक मामलों में विचार किया जा सकता है। |
| 5. | कार्य | ग्रामीण औद्योगीकरण से संबंधित अनुसंधान एवं विकास (R&D) तथा विस्तार सेवाओं में संलग्न एक स्वायत्त राष्ट्रीय संस्थान का नेतृत्व करना तथा विभिन्न समन्वयात्मक तंत्रों का समन्वयन करना। |
| 6. | कर्तव्य, उत्तरदायित्व एवं कार्यभार | एमगिरी की दैनिक गतिविधियों का प्रबंधन करना, विभिन्न बाह्य एजेंसियों के साथ समन्वय स्थापित करना तथा समन्वयात्मक तंत्रों, ग्रामीण क्लस्टरों एवं ग्रामीण औद्योगीकरण (RI) संस्थानों के कार्यों का समन्वयन करना। |
| 7. | मुख्यालय | वर्धा, महाराष्ट्र राज्य |
| 8. | भर्ती की प्रक्रिया | प्रत्यक्ष भर्ती द्वारा अथवा अन्य संगठनों से प्रतिनियुक्ति के आधार पर।<br>**प्रत्यक्ष भर्ती**:- आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि को अधिकतम आयु सीमा 58 वर्ष होगी। सेवानिवृत्ति की आयु 60 वर्ष होगी।<br>**प्रतिनियुक्ति**:- केंद्र सरकार/राज्य सरकार/सांविधिक निकाय/निगम/स्वायत्त संगठन के अधिकारी<br>(i) नियमित आधार पर समकक्ष पद पर कार्यरत।<br>अथवा<br>(ii) वेतन मैट्रिक्स स्तर–13 (₹1,23,100–2,15,900) के पद पर तीन वर्ष की नियमित सेवा।<br>निर्धारित शैक्षणिक योग्यताएँ (क्रम सं. 4 के अनुसार) धारित करना। |
| 9. | आयु सीमा | **प्रतिनियुक्ति**:- प्रतिनियुक्ति (अल्पकालिक संविदा सहित) पर नियुक्ति हेतु अधिकतम आयु सीमा आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि को 58 वर्ष से अधिक नहीं होगी। प्रतिनियुक्ति पर नियुक्त व्यक्ति की सेवानिवृत्ति आयु 60 वर्ष होगी। |

आवेदन-पत्र निर्धारित प्रारूप (संलग्न) में आयु, शैक्षणिक योग्यता आदि के समर्थन में सत्यापित प्रमाण-पत्रों की प्रतियों तथा पासपोर्ट आकार के फोटोग्राफ (जिसके पीछे पूरा नाम अंकित हो) सहित, (सभी प्रमाण-पत्रों के मूल दस्तावेज़ बाद में प्रस्तुत करने होंगे) श्री विनेश कुमार, अवर सचिव, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम

मंत्रालय, कक्ष सं. 32110, कर्तव्य भवन-3, नई दिल्ली–110001 को हस्तप्रेषण, स्पीड पोस्ट अथवा ई-मेल के माध्यम से दिनांक 25.05.2026 को सायं 5:00 बजे तक प्राप्त हो जाने चाहिए।

प्रतिनियुक्ति हेतु आवेदन करने वाले अधिकारियों के आवेदन, विगत 5 वर्षों के कार्य निष्पादन मूल्यांकन प्रतिवेदनों सहित, उचित माध्यम से प्रेषित किए जाने चाहिए।

किसी भी प्रकार से अपूर्ण आवेदन, उम्मीदवार को कोई सूचना दिए बिना निरस्त किया जा सकता है। आवेदन-पत्र वाले लिफाफे पर 'निदेशक, एमगिरी , वर्धा के पद हेतु आवेदन' अंकित होना चाहिए।

चयन प्रक्रिया में सक्षम प्राधिकारी का निर्णय अंतिम होगा तथा इस निर्णय के विरुद्ध कोई भी अनुरोध स्वीकार नहीं किया जाएगा।

विनेश

(विनेश कुमार)

अवर सचिव, भारत सरकार

सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय

कर्तव्य भवन–3, नई दिल्ली

ई-मेल: vineshk.72@gov.in

**आवेदन का प्रारूप**

निदेशक, एमगिरी के पद हेतु आवेदन

1. पूरा नाम -------------

(उपनाम) (प्रथम नाम)

2. पिता/पति का नाम: ______

3. जन्म तिथि: ______

4. लिंग: ______

5. राष्ट्रीयता: ______ धर्म: ______

6. क्या आप अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग/दिव्यांग से संबंधित हैं: ______

7. वर्तमान पता (पिन कोड सहित): ______

8. स्थायी पता (पिन कोड सहित): ______

9. शैक्षणिक योग्यताएँ: ______

**(न्यूनतम योग्यता से प्रारंभ करते हुए कालानुक्रमिक क्रम में)**

| क्रम सं. | उत्तीर्ण परीक्षा का नाम | बोर्ड/विश्वविद्यालय का नाम | उत्तीर्ण होने का वर्ष | प्राप्त अंक/कुल अंक | प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |
| | | | | | |

**10. व्यावसायिक/तकनीकी योग्यताएँ:**

| क्रम सं. | उत्तीर्ण परीक्षा का नाम | बोर्ड/विश्वविद्यालय का नाम | उत्तीर्ण होने का वर्ष | प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|
| | | | | |
| | | | | |

**11) अनुभव:**

**(पूर्व एवं वर्तमान सभी सेवाओं का विवरण प्रस्तुत किया जाए)**

| नियोक्ता का नाम और पूरा पता | पद, वेतनमान एवं सकल परिलाभ | सेवा की अवधि (आरंभ से समाप्ति तक) | कार्य की प्रकृति | छोड़ने के कारण |
|---|---|---|---|---|
| | | | | |
| | | | | |

टिप्पणी: उम्मीदवार पृथक परिशिष्ट संलग्न कर प्रकाशन, नवाचार, प्रदत्त पेटेंट आदि से संबंधित कोई भी अतिरिक्त जानकारी प्रस्तुत कर सकते हैं।

**घोषणा**

मैं ................................. एतद् द्वारा घोषणा करता/करती हूँ कि उपर्युक्त दी गई जानकारी मेरे ज्ञान एवं विश्वास के अनुसार सत्य, पूर्ण एवं सही है। मैं यह समझता/समझती हूँ कि यदि किसी भी चरण पर दी

गई जानकारी असत्य या गलत पाई जाती है, तो मेरी अभ्यर्थिता/नियुक्ति बिना किसी सूचना या उसके स्थान पर किसीं भी प्रकार के प्रतिकर के बिना निरस्त/समाप्त की जा सकती है।

स्थान:

दिनांक:

(उम्मीदवार के हस्ताक्षर)